हर श्रमिक को मिले सम्मान और सुरक्षा

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। आज एक मई को मजदूर दिवस दिवस मनाने का औपचारिकता हर कोई मनायेगा लेकिन वास्तव में मजदूरों का दर्द कोई नहीं समझ पा रहा है, न उनका सम्मान हो रहा है न ही उनकी पूरी मजदूरी दी जा रही है। अधिकांश धन्नासेठ, ठेकेदार मजदूरी कराने के बाद महीनों मेहनतकशो की मजदूरी रोक ली जाती है। यह सिलसिला एक जगह नहीं पूरे प्रदेश और देश में चल रहा है।

मजदूर दिवस मेहनतक लोगों के संघर्ष और अधिकारों के सम्मान, योगदान और मेहनत को मान्यता देने के लिए एक बेहद खास दिन है। यह दिन उन सभी श्रमिकों को समर्पित है, जो कठिन परिश्रम से आम जन मानस के जीवन को आसान बनाते हैं। श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजदूर दिवस मनाया जाता है। मजदूर दिवस राष्ट्रों की सरकारों और संस्थाओं को यह याद दिलाता है कि समाज का विकास तभी संभव है जब श्रमिक सुरक्षित और सम्मानित हों।

हर साल 1 मई को मजदूर दिवस यानी स्ंइवनत क्ंल मनाया जाता है। यह दिन श्रमिकों और मेहनतकश लोगों के अधिकारों और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। मजदूर दिवस की नींव 1886 में रखी गई थी जब इस दिन को मनाने की मांग अमेरिका के शिकागो शहर में उठी। उस वर्ष मजदूर अपने सम्मान और अधिकारों के लिए सड़क पर उतर आए थे। हालांकि पहली बार मजदूर दिवस 1889 में मनाने का फैसला लिया गया।

मजदूर दिवस आज

1886 से पहले अमेरिका में मजदूरों ने अपने हक के लिए हड़ताल की। मजदूरों की कार्य अवधि को लेकर यह आंदोलन हुआ था। उस दौर में मजदूर 15-15 घंटे काम किया करते थे। आंदोलन के दौरान पुलिस ने मजदूरों पर गोलियां चलाई जिसमें कई श्रमिकों की जान चली गई और कई घायल हो गए।

घटना के तीन साल बाद 1889 में अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें तय हर मजदूर की प्रतिदिन कार्य अवधि 8 घंटे तय कर दी गई। वहीं एक मई को मजदूर दिवस के तौर पर मनाने का फैसला लिया गया। बाद में अमेरिकी मजदूरों की तरह ही दूसरे देशों में भी श्रमिकों के लिए 8 घंटे काम करने का नियम लागू कर दिया गया।

भारत में मजदूर दिवस की शुरुआत

भारत में पहली बार मजदूर दिवस 1923 में मनाया गया था। इस दिन की शुरुआत चेन्नई में कम्युनिस्ट नेता सिंगारवेलु चेट्टियार ने की थी। उन्होंने मजदूरों के हक और अधिकारों की मांग को लेकर मद्रास हाई कोर्ट के सामने पहली बार मजदूर दिवस की सभा आयोजित की थी। इसी सभा में पहली बार भारत में एक मई को मजदूर दिवस मनाया गया।

महिला कांग्रेस जलाएगी चूल्हा और पकाएगी भोजन, रसोई गैस के दाम बढ़ाने का विरोध

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। भाजपा सरकार के द्वारा रसोई गैस सिलेण्डर की कीमतों में की गई बेतहाशा बढ़ोत्तरी के खिलाफ महिला कांग्रेस के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जावेगा।

महिला कांग्रेस की अध्यक्ष दीपा यादव ने बताया कि आज 01 मई 2025 दिन गुरुवार को दोपहर 3 बजे ई.एल.सी. चौक पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। विदित हो कि भाजपा सरकार के द्वारा प्रति रसोई गैस सिलेण्डर के दामों पर सीधे 50 रुपयों की वृद्धि की गई है जिससे मातृशक्ति का बजट बिगड़ रहा है।

कभी कांग्रेस की सरकार में रसोई गैस की कीमतों में एक अथवा दो रुपए की भी वृद्धि होती थी जो भाजपा की नेत्रियां सड़कों पर उतरकर कोहराम मचा देती थी, किन्तु आज 50 रुपए की वृद्धि पर भी वे कहीं नजर नहीं आ रही।

शहर महिला कांग्रेस के द्वारा रसोई गैस सिलेण्डर पर की गई मूल्य वृद्धि के विरोध में ई.एल.सी. चौक पर विरोध प्रदर्शन कर चूल्हा जलाकर भोजन पकाया जाएगा साथ ही उपस्थित शहर महिला कांग्रेस की समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्तागण चूल्हे पर पकाए हुए भोजन को गृहण करेंगी। यादव ने शहर महिला कांग्रेस की समस्त पदाधिकारियों को आयोजित विरोध प्रदर्शन में उपस्थित होने की अपील करते हुए कहा है कि सभी महिलाऐं उपस्थित होकर विरोध प्रदर्शन में शामिल हो।

उल्लेखनीय है कि रसोई गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़ने से महिलाएं बहुत नाराज हैं इसलिए महिला कांग्रेस को विरोध प्रदर्शन में अच्छा जन समर्थन मिल रहा है।

सार-समाचार

संविधान रैली को लेकर महिला सेवादल की बैठक आयोजित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिला महिला सेवा दल अध्यक्ष डॉक्टर शबाना यास्मीन खान ने बताया की सेवादल जिला सेवादल मुख्य संगठक सुरेश कपाले के निर्देश अनुसार वार्ड नंबर 13 सीता सरेआम निवास स्थान पर महिला से बादल की मासिक बैठक संपन्न हुई जिसमें मई माह के रूपरेखा बनाई गई कि आज 1 मई को मजदूर दिवस पर मजदूरों के लिए स्वास्थ्य सिविल लगा जाएगा 7 में हाडीकर की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। 8 में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुल नाथ के नेतृत्व में संविधान रैली निकली जिसमें सभी महिला से बादल को शामिल होने के निर्देश दिए गए। 11 में को मदर्स डे 25 मई को मासिक झंडा वंदन एवं 21 को रानी अहिल्याबाई होलकर जयंती मनाई जाएगी। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष डॉक्टर शवाना यास्मीन खान, जिला उपाध्यक्ष सिंधु यादव, जिला महासचिव शाहजहां वानो, जिला सचिव रश्मि धुर्वे, नगर उपाध्यक्ष वीणा जैन, लीना कहार, कविता उइके, पार्वती पंद्रम, आरती ठाकुर, अमीना परते, दुलारी परतेती, पूजा पंद्राम, ग्यारसी खरिया, अमिता, कमला उईके आदि शामिल है।

शहर के घनी बस्तियों में स्वच्छता अभियान चलाने की आवश्यकता

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। शहर छिन्दवाड़ा की अनेक ऐसी कॉलोनिया है, घनी बस्तियां है जहां गदंगी का अम्बार लगा हुआ है स्वच्छता अभियान चलाकर खाली प्लाटों, पार्को और बस्तियों में स्वच्छता बनायी जा सकती है। जैसे वन विभाग की कॉलोनी में गदंगी का अम्बार है, यहां स्वच्छता अभियान चलाने की जरूरत है। परासिया रोड के नाले की सफाई की जरूरत है। जैन भोजनालय के आसपास खाली पड़े प्लाटों की गदंगी से मच्छर भिनभिना रहे है वहां सफाई अभियान की आवश्यकता है।

गोधुलि वृद्धाश्रम छिंदवाड़ा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कल 30 अप्रैल 2025 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा सुशांत हुद्दार की उपस्थिति में गौधुलि वृद्धाश्रम छिंदवाड़ा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री हुद्दार द्वारा विभिन्न प्रकार की जानकारियां वृद्धजनों से साझा की गई एवं उनके स्वास्थ्य, खानपान, रहन-सहन संबंधी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा राकेश सिंह, वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजन, वृद्धाश्रम स्टॉफ आदि उपस्थित रहे।

सांसद के जन्मदिन पर गुढ़ी बस स्टॉप पर प्याऊ का शुभारंभ

गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु। छिंदवाड़ा जिले के सांसद विवेक बंटी साहू के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम पंचायत पालाचौरई के गुढ़ी बस स्टॉप में सरपंच मुकेश उइके एवं पंचायत के द्वारा सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया जिससे कि इस भीषण गर्मी में आवागमन करते राहगीर एवं नागरिकों को अपनी प्यास बुझाने के लिए शीतल जल पीने के लिए उपलब्ध हो सके। हालाकि गुढ़ी अम्बाड़ा क्षेत्र में अनेक ऐसे स्थान है जहां पर राहगीरों के लिए प्याऊ खोलने की आवश्यकता है क्योंकि इस ईलाके में पेयजल की समस्या है। कम से कम इस तरह के प्याऊ खुलने से राह चलते आम नागरिकों के कंठ प्यासे तो नहीं रहेंगे।

इस अवसर पर पालाचौरई सरपंच मुकेश उईके, भारतीय जनता पार्टी के जुन्नारदेव नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सलोड़े, भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष गौरव सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता शिवकुमार राय, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती सोनिया कुमारे, खेमचंद प्रजापति, मीडिया प्रभारी बंटी साहू, गोपाल विश्वकर्मा, सुमरन यादव, पंच पारस खंगार, भोलाराम सोनारे, राजाराम विश्वकर्मा, मिंकू अग्रवाल, राजू वर्मा, पंचायत कर्मचारी अनुराग शर्मा, भरत डेहरिया आदि उपस्थित रहे।

लूट का केन्द्र बना विद्युत वितरण केंद्र : ओकटे

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। भाजपा की सरकार मतलब महंगाई की मार, पहले झूठे प्रलोभन व घोषणाएं फिर जनता की गाढ़ी कमाई पर डाका यही है भाजपा की सच्चाई। रोजमर्रा की सामग्री से लेकर प्रत्येक वस्तुओं के दाम में निरंतर बढ़ोत्तरी की जा रही। आर्थिक संकट से जूझ रहे किसानों पर ऐसे बिल थोपे जा रहे, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती, जितने एच.पी. की विद्युत मोटरें बनती ही नहीं उसके बिल थमाकर किसानों से जबरिया वसूली के प्रयास निंदनीय है। उक्त उदगार जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से छिन्दवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने व्यक्त किए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने जारी बयान में आगे कहा कि आज जिले व प्रदेश की जनता मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की पंद्रह माह की सरकार का स्मरण कर रही कि 300 यूनिट तब बिजली मुफ्त मिल रही थी, किसानों को पर्याप्त व समय से विद्युत आपूर्ति मिली।

नकुलनाथ के पांच वर्ष के कार्यकाल को याद किया जा रहा है, क्योंकि उन्होंने कभी भी किसी भी स्तर पर जिले की जनता के साथ मनमानी नहीं होने दी, किन्तु वर्तमान सरकार में सबसे अधिक किसान छला जा रहा है। घरेलू व व्यवसायिक विद्युत उपभोक्ताओं से मनमानी वसूली किया जाना न्याय संगत नहीं है।

किसानों को 4, 6 व 8 एच पी के विद्युत मोटर पम्प के बिल दिए जा रहे है, जबकि सच्चाई यह है कि इतने एच पी वाले मोटरपम्प होते ही नहीं, फिर किस आधार पर किसानों को ऐसे विसंगति भरे बिल सौंपे गए।

विगत दिवस छिन्दवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा कलेक्टर व विद्युत वितरण कम्पनी के अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन प्रस्तुत कर विरोध प्रगट करते हुए बिलों में सुधार की मांग की है ताकि जिले के अन्नदाता भाइयों के साथ किसी भी स्तर पर अन्याय ना हो।

सरकार के इशारों पर नियम विरुद्ध जाकर एम.पी.ई.बी. के द्वारा किसानों को प्रताड़ित कर अथवा झूठे पुलिस प्रकरण में फंसाने की धमकी दी जा रही जिसका कांग्रेस पुरजोर विरोध कर रही है और आगे भी करती रहेगी। किसानों अथवा विद्युत उपभोक्ताओं के साथ अन्याय को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी।

श्री ओकटे ने जारी बयान में आगे कहा कि भाजपा सरकार ने विद्युत वितरण केन्द्र की परिभाषा बदल दी है। विद्युत विरतण केन्द्र अब लूट का केन्द्र बन चुका है। किसानों को मनमाना बिजली भेजा जा रहा, तो वहीं आम उपभोक्ताओं को भी पूरे वर्ष विसंगतियों भरे बिल दिए जाते हैं जिसको लेकर किसान से लेकर आम उपभोक्ता तक सभी बेदह परेशान व त्रस्त है।

बिल वसूली के लिए तमाम तरह के हत्थकंडे अपनाए जा रहे है जिसमें कुर्की से लेकर पुलिस प्रकरण तक शामिल है जो कि जबरन वसूली व प्रताड़ना की श्रेणी में आता है और यह सबकुछ भाजपा की सरकार में लूट केन्द्र के माध्यम से संचालित हो रहा। जिसकी कांग्रेस कड़ी व घोर निंदा करती है।

जांच होने तक बिल जमा न करें किसान

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओकटे ने जारी बयान में कहा कि गत दिवस गुरैया में किसानों ने एम.पी.ई.बी. कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर बढ़े हुए बिजली बिलों का विरोध किया है, इसी प्रकरण जिलेभर में विरोध जारी है। श्री ओकटे ने जिले के समस्त किसानों भाइयों से आग्रह किया है कि सभी अपने नजदीकी वितरण केन्द्र पहुंचकर सर्वप्रथम बढ़े हुए बिलों के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराएं।

बढ़े हुए बिलों की जांच पूरी होने तक बिल जमा नहीं करें, जांच के पश्चात जो तथ्य सामने आएंगे उसके उपरांत बिल जमा किए जाएंगे। किसानों के साथ किसानों के हर दम, हर कदम पर उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं कांग्रेस परिवार खड़ा है इसीलिए किसी से भी डरने अथवा घबराने की आवश्यकता नहीं है।

नेताद्वय के नेतृत्व में कांग्रेस परिवार का प्रत्येक सदस्य किसानों व आम उपभोक्ताओं के साथ विद्युत विरण कम्पनी के द्वारा किए जा रहे अन्याय के खिलाफ खड़ा था, खड़ा है और आगे भी खड़ा रहेगा।

पहलगाम हमले का विरोध, दी श्रद्धांजलि

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। विगत दिवस स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर गणेश चौक छिंदवाड़ा में सुगम मानस मंडल द्वारा राष्ट्रीय विचारधाराओं से ओतप्रोत संगठनों द्वारा पहलगाम में हुए आतंकियों द्वारा कायराना हमले में मृत हुए 28 बंधुओं की मृत्यु पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए भारत सरकार से यह विनम्र अनुरोध किया गया है कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हो और घटनाकारित लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए और इन घटनाओं को शय देने वाले पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

सुगम मानस मंडल के संयोजक रमेश पोफ्ली अधिवक्ता ने आगे बताया कि श्रद्धांजली सभा में ज्ञानवर्धिनी शिक्षा समिति से अशोक पोफ्ली, सुगम मानस मंडल से घनश्याम कर्मवीर, बाल गोपाल समाज से विजय गुप्ता, लोकतंत्र सेनानी संघ से दीनदयाल मोहने, जनजागरण मंच से रविन्द्र पोफ्ली, हिन्दू उत्सव समिति से संतोष राय, राममंदिर प्रभात शाखा से विष्णु मथुरिया, राष्ट्र सेविका समिति से श्रीमती किरण आठले एवं विषय का प्रतिपालन निरपत सिंह टेकरे द्वारा किया गया। इसी के साथ अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखकर भारत सरकार से उक्त घटना को लेकर कड़ी कार्यवाही की मांग की।

सुगम मानस मंडल के संयोजक रमेश पोफ्ली अधिवक्ता ने भी इस अवसर पर अपने विचार रख पाकिस्तान पर खुलेआम कार्यवाही करने की केन्द्र सरकार से मांग की है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना दोबारा न हो सके।

इसके पूर्व भी भारत द्वारा अनेकों बार युद्ध में पाकिस्तान को पराजय का सामना करना पड़ा और पुलगांव में सैनिकों पर जो निसृंस हत्या आतंकियों द्वारा की गई थी उसका भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान में घुसकर करारा जबाव दिया गया था आज भी ऐसे ही करारा जबाव देने का समय आ गया है और साथ ही में मृतकों को शहीदों का दर्जा देने की मांग की गई।

श्रद्धांजली सभा के अंत में मृतात्माओं को 2 मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राष्ट्रभक्त संगठनों के कार्यकर्ता एवं नागरिकगण व मातृशक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन कर प्रारंभ किया गया तदुपरांत कार्यक्रम के पश्चात समापन की घोषणा की गई।

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक में संविधान बचाओ रैली पर चर्चा

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की उपस्थिति में आयोजित होने वाली संविधान बचाओ रैली के संदर्भ में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की एक आवश्यक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई।

संविधान की रक्षा व संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के मान व सम्मान को बनाए रखने हेतु निकाली जा रही संविधान रैली में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

साथ ही संविधान की रक्षा के लिए गांव-गांव व नगर व शहर के जनमानस को संविधान बचाओ रैली में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित करने व बाबा साहब के द्वारा लिखित व निर्मित संविधान को भाजपा के द्वारा बदलने का प्रयास किया जा रहा है उससे जनता को अवगत कराने की जिम्मेदारी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आयोजित बैठक में सौंपी गई।

मिले कंकाल का खुलासा, पत्नी सहित तीन गिरफ्तार

अंधे कत्ल का 24 घंटे में थाना मोहखेड़ चौकी उमरानाला पुलिस ने कर दिया पटाक्षेप

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। गत 27 अप्रैल 25 को एक व्यक्ति की करीब 90 प्रतिशत विघटित अवस्था में कंकाल शव मिलने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर उमरानाला पुलिस पहंची। जो लिंगा बायपास ग्राम सालीमेटा में रोड के किनारे खेत की नाली में एक विघटित शव कंकाल मिला जिसकी पहचान अशोक पिता मनसलाल धुर्वे उम्र 55 वर्ष निवासी सेमराढ़ाना (मोहखेड) के रूप में उसकी पत्नि कांता बाई द्वारा की गयी।

मौके पर मर्ग क्र. 00/25 धारा 194 बी.एन.एस.एस. कायम कर असल मर्ग क्र. 34/2025 दर्ज किया गया। मृतक के शव का पी एम डॉक्टर की टीम से कराया गया, पीएम के दौरान डॉक्टर द्वारा मृतक की मृत्यु रस्सी से गला घोंटने से होना बताया गया और गले में काले रंग की रस्सी भी मिली जिसे डॉक्टर द्वारा जप्त किया गया। पी.एम. रिपोर्ट एवं मर्ग जांच के आधार पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 194/2025 धारा 103(1) बी.एन.एस. का दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

विवेचना कार्यवाहीं में पाया गया कि प्रकरण में सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक अजय पांडे एवं अति. पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के द्वारा प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये तत्काल टीम गठित कर प्रकरण के आरोपी की तलाश पतासाजी करने निर्देशित किया गया। उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) राजेश बंजारे एवं थाना प्रभारी मोहखेड़ कोमल सिंह रघुवंशी के निर्देशन में चौकी प्रभारी उमरानाला उ.नि. पारसनाथ आर्मो द्वारा उमरानाला पुलिस टीम के सांथ घटना स्थल के आसपास के लोगों से तथा मृतक के परिजनों से लगातार पूछताछ कर घटना के बारे में जानकारी एकत्र किया गया।

अति. पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता एवं उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) राजेश बंजारे द्वारा घटना स्थल एवं चौकी उमरानाला उपस्थित आकर लगातार प्रकरण में निर्देश देते हुये तत्काल अनुसंधान कर अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। अनुसंधान टीम द्वारा मुखबीर तंत्र सक्रिय कर संदेहियो से पृथक-पृथक गहन पूछताछ की गई।

प्रकरण में सायबर सेल से जानकारी प्राप्त कर प्रकरण के संदेही राजू पिता शेषराम कुड़ापे उम्र 32 वर्ष निवासी अम्बामाली (लावाघोघरी) से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर राजू कुड१ापे ने बताया कि मृतक की पत्नि कांता धुर्वे से उसकी बातचीत होती थी, जिसे उसका पति आए दिन शराब पीकर मारपीट करता है तब मृतक की पत्नि कांता बाई ने राजू कुड़ापे और जमाई जगदीश उइके को अपने पति अशोक को मारकर रास्ते से हटाने के लिए प्रेरित किया। कांता बाई के कहने पर राजू एवं जगदीश उइके ने अशोक को अत्यधिक शराब पिलाकर लिंगा बाईपास में रोड के किनारे रात्रि के समय रस्सी से उसका गला घोंट दिया और शव को रोड के किनारे खेत की मेड में गिरा दिया और गला घोंटने के दौरान टूटी हुई रस्सी को उसी खेत की मिट्टी में छिपा देना बताया।

मृतक का मोबाईल उसकी पत्नि कांता बाई ने राजू के मकान में छिपाकर रख दिया था जिसे उसके बताये अनुसार बरामद किया गया साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसायकिल प्लेटिना आरोपी राजू कुड़ापे से जप्त किया गया। घटना को तीनों आरोपियों को 29 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

इस कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) राजेश बंजारे, थाना प्रभारी मोहखेड़ कोमल सिंह रघुवंशी, चौकी प्रभारी उमरानाला उ.नि. पारसनाथ आर्मो, सउनि संजय ठाकुर, सउनि अखिलेश तिवारी, प्र.आर. राधेश्याम ठाकुर, संतोष साहू चन्द्रशेखर सोनी, सायबर सेल आर. आदित्य रघुवंशी, अभिषेक ठाकुर, आर. रोहित वानखेड़े मुकेश जाट, संजय राहंगडाले आदि।

भाजीपानी में देशी शराब दुकान के स्थान परिवर्तन को सौंपा ज्ञापन

परासिया, देशबन्धु। देशी शराब दुकान का स्थान परिवर्तन को लेकर क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर, जिला आबकारी अधिकारी और पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन सौपकर तत्काल देशी शराब दुकान का स्थान परिवर्तन कर अन्यत्र खोले जाने की मांग की है। बताया गया है कि ग्राम भाजीपानी में पिछले कई समय से देशी शराब दुकान का स्थान परिवर्तन को लेकर जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासियों द्वारा नियत स्थान से दुकान हटाने की माँग निरंतर की जा रही है जहां पर 50 मीटर के दायरे में ही शासकीय संस्थान आंगनवाड़ी भवन, प्राथमिक शाला, स्वास्थ्य केंद्र, डाक घर एवं आबादी क्षेत्र के बीचों बीचों शराब दुकान होने से काफी दिक्कतें ग्रामवासियों को आ रही है, जहां आए दिन गाली गलौज, लड़ाई झगड़े होते रहते है जिसको लेकर पूर्व में भी ग्रावासियो द्वारा शराब दुकान के सामने धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसके बावजूद शासन प्रशासन भी इस और ध्यान नहीं दे रहा है।

जिला कलेक्टर एवं जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि जल्द से जल्द शराब दुकान का स्थान परिवर्तन किया जाए एवं साथ ही जिका पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर बताया कि ग्राम में बड़ी मात्रा में गांजा के कारोबार चल रहा है, यहां पर आए दिन बाहरी असामाजिक तत्वों का गांव में आना जाना लगा रहता है जिससे कि ग्राम का माहौल खराब हो रहा है।

सार-समाचार

हितग्राहियों के खाते में डाली गई संबल योजना की राशि

परासिया, देशबन्धु। मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत सिंगल क्लिक में आज 3 करोड़ 4 हजार की राशि हितग्राहियों के खाते में डाली गई। जनपद पंचायत परासिया के सभा कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। 145 हितग्राहियों के खाते में दो-दो की लाख की राशि एवं दुर्घटना वाले 7 हितग्राहियों के खाते में चार-चार लाख डाले गये। कार्यकम में जनपद उपाध्यक्ष जमील खान, संबल योजना प्रभारी रविंद्र खोबरागड़े एवं पंचायत इंस्पेक्टर दीपा पाटिल जनप्रतिनिधि एवं हितग्राही उपस्थित थे।

आज मजदूर दिवस मनायेगा सीटू यूनियन लाल झंडा

गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु। दुनिया के मजदूरों ने अठारह सौ छियासी के पूर्व आठ घण्टे काम को लेकर दुनिया के औद्योगिक विकास के पहिए को रोकने और अपने हकों के लिए संघर्ष का बिगुल फूंका जिसमें कई मजदूरों ने जान की कुर्बानी दी। तब जाकर आठ घण्टे काम को जीता, जिसके उपलक्ष्य में दुनिया भर के सभी मजदूर वर्ग अपनी उपलब्धियों को तरो-ताजा महसूस करते हुए एक मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस को यादगार पल और दिन के रूप में मनाते आ रहा है। सीटू यूनियन लाल झंडा द्वारा परासिया स्टॉफ क्लब में दोपहर दो बजे से मजदूर दिवस का आयोजन रखा गया है, जिसमें राष्ट्रीय सचिव और मध्यप्रदेश सीटू महासचिव के साथ वेकोलि अध्यक्ष और महासचिव के साथ स्टेयरिंग कमेटी सदस्य मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत झंडा वंदन से किया जाएगा, शहीद मज़दूरों को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी, सभी का वक्तव्य होगा तदुउपरांत रैली निकाली जाएगी और कार्यक्रम के अंत में भोजन व्यवस्था की गई हैं। नेहरिया से लेकर तानसी तक सभी पदाधिकारियों के साथ महिला तथा कामगार उपस्थित रहेंगे। संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों ने क्षेत्र में कार्यरत सभी लोगों से मजदूर दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की एवं ज्यादा से ज्यादा संख्या में सभी लोगों से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफ्ल बनाने की बात कही गई है।

80 बच्चों ने दी ट्रायल, जबलपुर में खेलेंगे चयनित खिलाड़ी

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिला बैडमिंटन संघ छिंदवाड़ा द्वारा जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय ओलंपिक बैडमिंटन स्टेडियम में 3 दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिले भर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि बैटमिंटन प्रतिभा खोज चयन स्पर्धा के माध्यम से खिलाड़ियों के खेल स्तर में सुधार कर उनको



जबलपुर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भाग लेने हेतु चयनित किया गया। बालिका व बालक वर्ग के 80 खिलाड़ियों ने स्पर्धा में भाग लिया। खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन हेतु स्पर्धा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्पर्धा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रियकांत जुनेजा, प्रदीप वाल्मीक, रविकांत अहिरवार, डॉ. अनिल जैन, स्पर्धा सचिव जावेद खान, अज़हर खान, तरुण विश्वकर्मा, अनिल शर्मा, विजय पवार, राकेश चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सचिव जावेद खान ने बताया कि 8 मई को चयनित खिलाड़ी जबलपुर में हो रही राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने छिंदवाड़ा से रवाना होंगे।

राष्ट्रीय मास्टर गेम में चार गोल्ड मैडल लेकर लौटी टीम

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिला ऐथेलेटिक्स संघ के सचिव व कोच राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि 20 से 26 अप्रैल 2025 तक धर्मशाला हिमाचल प्रदेश में आयोजित सातवीं राष्ट्रीय मास्टरर्स गेम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें छिन्दवाड़ा जिले के निरपत सिंह ठाकुर 75 वर्ष गोला फेंक स्वर्ण पदक, चक्की फेंक में स्वर्ण पदक व भाला फेंक में सिल्वर पदक प्राप्त किया। अनिल सिंघई 65 वर्ष प्लस पावर लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया, संजय चाटे 65 वर्ष प्लस पावर लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

कोच राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि इन तीनों खिलाड़ियों का चयन आगामी अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयन किया गया है। इनकी सफ्लता पर ऐथेलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अभय दुग्गढ़, अनिल सक्सेना, दुबेलाल, अखिलेश खरे, डॉ. सर्वोत्तम ठाकुर, अजय करोलिया, प्रभाकर भुसानकर आदि सदस्यों ने बधाई दी और भविष्य में भी इसी तरह प्रदर्शन कर जिले एवं अपना नाम रोशन करने की कामना करते हुए उन्हें इस प्रदर्शन पर बधाई प्रेषित की है।

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु : पुरस्कार प्राप्त कर लौटी टीम में राजेन्द्र सिंह, अनिल सिंघई निरपत सिंह ठाकुर और संजय चाटे।

यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्प्लाइज एंड इंजीनियर्स मप्र करेगा मजदूर दिवस का आयोजन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार यूनाइटेड फोरम जिला इकाई छिंदवाड़ा के द्वारा प्रांतीय सचिव प्रभुनारायण नेमा की अध्यक्षता मे मजदूर दिवस एवं यूनाइटेड फोरम स्थापना दिवस का आयोजन 1 मई 2025 दिन गुरुवार को स्थानीय श्रम कल्याण केंद्र में शाम 4 बजे किया जा रहा है।

जिला संयोजक आर.के. सोनी ने बताया कि सभी वर्गो की समस्या के निराकरण हेतु अधिकारी/कर्मचारियों को एक जुट करने हेतु महासंपर्क अभियान का शुभारंभ किया जावेगा।यूनाइटेड फोरम के अध्यक्ष के.एस. राजपूत एवं पेंशनर्स प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डी.के. नागरकर ने सभी वर्गो के विद्युत अधिकारी कर्मचारी एवं पेंशनर्स से अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होने की अपील की है और कहा है कि हम एकता के साथ ही अपनी बात को दृढ़ता पूर्वक रख सकते है।

54 वीं संभागीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

केंद्रीय विद्यालय एक पहुंचा फाइनल में

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कल 30 अप्रैल 2025 को 54 वीं संभागीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के चौथे दिन की शुरुआत शुक्ला ग्राउंड पर पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र 1 छिंदवाड़ा (प्रथम व द्वितीय पाली) के बीच सेमी फाइनल मैच से हुई जिसमें पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र 1 छिंदवाड़ा (द्वितीय पाली) ने शानदार जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई ।

विद्यालय के खेल शिक्षकों शिवा और पंकज शर्मा ने आगे जानकारी देते हुए बतलाया कि अंडर 17 का दूसरा मैच पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय सिंगरौली और पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय जी.सी.एफ. क्र-1 जबलपुर के बीच खेला गया जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जी.सी.एफ. क्र 1 ने 6 विकेट से जीता। तीसरा मैच शुक्ला ग्राउंड में जो कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र 1 छिंदवाड़ा (प्रथम पाली) और पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिंगरौली के बीच खेला गया जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिंगरौली ने डबल सुपर ओवर के बाद जीत हासिल की। वहीं पी जी कालेज मैदान में आयोजित हार्ड लाइन मैच में डिंडोरी ने जीतकर अंडर 14 में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय की खेल कोच मेखिला ने बतलाया कि देर शाम तक टेबल टेनिस के विभिन्न वर्गों में व्यक्तिगत स्पर्धा जारी थी। टेबल टेनिस की तीन दिवसीय सम्भागीय स्पर्धा का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य हरि प्रसाद धारकर द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कल किया था।

पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र- 1 छिंदवाड़ा से संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गई छात्राओं ने 200 मीटर की फाइनल रेस में श्रुति ने पहला स्थान

और मनु ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

अंडर 17 आयु वर्ग में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र- 1 छिंदवाड़ा की छात्रा मनु ने 400, 100 और 200 मीटर की रेस में स्वर्ण पदक प्राप्त किया वहीं श्रुति ने रजत पदक प्राप्त किया। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र 1 छिंदवाड़ा के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिनमें राजवीर ने 110 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक और 200 मीटर की रेस में स्वर्ण पदक और लंबी कूद प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। वीर राजपूत ने 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक और 800 मीटर रेस में भी कांस्य पदक जीता। अंडर 19 में वेदांत ने हैमर प्रतियोगिता में रजत पदक और डिसकस थ्रो में कांस्य पदक जीता। अंडर 14 में आयुषी ने शॉट पुट में कांस्य पदक जीता। पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र- 1 प्राचार्य हरि प्रसाद धारकर ने न केवल छिंदवाड़ा में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं बल्कि अन्य स्थानों मे आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं मे उत्कृष्ट और ऐतिहासिक प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को बधाई दी और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। श्री धारकर ने एतिहासिक प्रदर्शन के पीछे विद्यालय के खेल शिक्षकों शिवाए पंकज शर्मा, मेखिला और पंकज शाक्य की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया।

छिन्दवाड़ा शहर में हुआ 928 जोड़ों का सामूहिक विवाह

मुख्यमंत्री सामुदायिक कन्या विवाह-निकाह योजना

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मुख्यमंत्री सामुदायिक कन्या विवाह-निकाह योजना के अंतर्गत कल शहर छिन्दवाड़ा के इनर ग्राउण्ड में नगर पालिक निगम द्वारा आयोजित भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में 928 जोड़ों ने एक साथ सात जन्मों के बंधन में बंधकर एक नई शुरुआत की। यह कार्यक्रम जिले के इनर ग्राउंड में हुआ, जहां से बारात सुबह 8 बजे दशहरा मैदान से रवाना हुई और वहां से सजे-धजे दूल्हे अपनी दुल्हनों के साथ इनर ग्राउंड पहुंचे।

इस बारात को स्वयं सांसद बंटी विवेक साहू, जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, महापौर विक्रम आहके, सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मंडप द्वार तक लेने पहुंचेए जिससे आयोजन की गरिमा और अधिक बढ़ गई।

मुख्यमंत्री ने वर्चुअल शुभकामनाएं दीं

इस आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली जुड़कर सभी नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है ।

सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने भी इस आयोजन में शिरकत की और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल विवाह नहीं है, बल्कि यह समाज में एकता और सहयोग का एक जीवित उदाहरण है। कार्यक्रम में महापौर विक्रम आहके, जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, शेषराव यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आयोजन की सराहना की और सभी नवविवाहितों को शुभकामनाएं दीं।

विविध धर्मों के जोड़ों ने निभाई परंपराएं

समारोह में विविध धर्मों के जोड़ों ने अपनी-अपनी धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संस्कार सम्पन्न किए। हिन्दू जोड़ों ने विधिपूर्वक फेरे लिए, जबकि अन्य धर्मों के जोड़ों ने भी अपने-अपने धर्मानुसार विवाह किए। इस दौरान मंच से अतिथियों द्वारा पुष्पवर्षा की गईए जिससे माहौल उल्लासमय हो गया।

सांसद और महापौर द्वारा चेक वितरण

कार्यक्रम में सांसद बंटी विवेक साहू, महापौर विक्रम आहके तथा अन्य अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को चेक वितरित किए।

इस भव्य आयोजन में एस.पी. अजय कुमार पांडे, सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, कमिश्नर नगर निगम छिन्दवाड़ा सी.पी. राय, कार्यपालन यंत्री ईश्वरसिंह चंदेली, सभी सहायक यंत्रीगण, सभी उपयंत्रीगण, सभी कर्मचारीगण के अलावा छिंदवाड़ा नगर निगम के पार्षदगण, जिला प्रशासन के अधिकारी और नगर निगम के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।